**K.P.C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR**
**ASSESSMENT III 2023-24**

**Grade : VIII** **Marks : 50**
**Subject – Hindi** **Time:2 Hours**

---

निर्देश :

(i) इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं – खंड'क',खंड 'ख' , खंड 'ग' खंड'घ'|

(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |

(iii) यथा संभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए |

**<u>खंड 'क'</u>**

**प्र 1. अ) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :** **(6 अंक)**

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् हमारी सरकार का ध्यान इस ओर गया और 1952 ई० में स्पष्ट वन-नीति बनाई गई। वनों के उन्मूलन को रोकने के लिए, उजड़ रहे वनों को फिर से लगाने का और देश के चप्पे-चप्पे पर वृक्ष लगाने का व्यापक कार्यक्रम बनाया गया। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत वन महोत्सव आता है।

हम जानते हैं कि हमारे देश में अधिकतर वर्षा मानसून हवाओं के चलने पर जुलाई-अगस्त में होती है। इसलिए ये दो महीने पेड़-पौधे लगाने की दृष्टि से अधिक अनुकूल हैं। नम हवाओं के आलिंगन से वे शीघ्र लहलहा उठते हैं। पर्याप्त वर्षा हो जाने के बाद तैयार पौधों को उखाड़कर खाली जगह पर लगाने का काम पूरे देश में आरंभ हो जाता है, जो 15-20 दिनों तक बहुत जोर-शोर से चलता है।

इस अवधि में करोड़ों पौधे लगा दिए जाते हैं पर उनमें एक तिहाई पौधे भी पनपकर वृक्ष नहीं बन पाते क्योंकि वे पौधे ईश्वर के भरोसे छोड़ दिए जाते हैं।

पौधों व वृक्षों की इस उपेक्षा का कारण कदाचित् उनके महत्त्व की अनभिज्ञता है। वे ईंधन, फर्नीचर, कागज़ आदि जुटाते हैं। लेकिन वे हमारी इनसे भी अधिक सहायता करते हैं। हम ईंधन, फर्नीचर आदि में अन्य कृत्रिम वस्तुओं का प्रयोग कर सकते हैं पर वृक्षों के बिना वायु-प्रदूषण दूर नहीं हो सकता। हम जो साँस छोड़ते हैं, उसमें कार्बन-डाइऑक्साइड होता है। पेड़-पौधे ही साँस द्वारा कार्बन डाइऑक्साइड को ऑक्सीजन में बदलते हैं।

(1) सरकार ने वन नीति बनाई - 1

(क) 1828 ई. में (ख) 1965 ई. में

(ग) 1952 ई. में (घ) 1914 ई. में

(2) वन महोत्सव का आयोजन किया जाता है - 1

(क) खेती योग्य भूमि प्राप्त करने के लिए

(ख) देश की रक्षा के लिए

(ग) उजड़ रहे वनों को फिर से लगाने के लिए

(घ) वनों के उन्मूलन को रोकने और उजड़ रहे वनों को फिर से लगाने के लिए

(3) जुलाई और अगस्त के महीने पेड़ पौधे लगाने के लिए अनुकूल हैं क्योंकि - 1

(क) आंधी-तूफ़ान आता है (ख) आसमान में बादल छाए रहते हैं

(ग) इन महीनों में वर्षा होती है (घ) मानसून हवाएँ चलती है

(4) हमारे यहाँ पेड़-पौधों की उपेक्षा का कारण है - 1

(क) देश में पेड़ों का अधिक होना।

(ख) मनुष्य की स्वार्थी प्रवृत्ति

(ग) जनता का अशिक्षित होना।

(घ) पेड़ पौधों के महत्त्व को न समझना याने उनके महत्त्व की अनभिज्ञता है ।

(5) वायु प्रदूषण रोकने के लिए आवश्यक है - 1

(क) कारखानों से कचरा न फेंका जाए

(ख) वृक्षों को अधिक-से-अधिक लगाया जाए

(ग) सड़कों पर मोटर गाड़ियाँ न चलाई जाएँ

(घ) दूषित वायु को न छोड़ा जाए

(6) पेड़-पौधे ही साँस द्वारा बदलते हैं - 1

(क) कार्बन डाइऑक्साइड को ऑक्सीजन में

(ख) ऑक्सीजन को कार्बन डाइऑक्साइड में

(ग) ईंधन को कृत्रिम वायु में

(घ) कृत्रिम वायु को ईंधन में

## खंड 'ख'

**प्र.2.अ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए ।(7 अंक)**

पत्नी ने एक दिन एकाएक ढाई सौ रुपये की माँग पेश की, तब उनका जी एक बार ज़ोर से सनसनाया और फिर बैठ गया। उनकी यह दशा देखकर पत्नी ने कहा- "डरिए मत, आप देने में असमर्थ हों तो मैं अपने भाई से माँग लूँ?"

लाला झाऊलाल तिलमिला उठे। उन्होंने रोब के साथ कहा- "अजी हटो, ढाई सौ रुपये के लिए भाई से भीख माँगोगी, मुझसे ले लेना।"

" लेकिन मुझे इसी जिंदगी में चाहिए।"

" अजी इसी सप्ताह में ले लेना।"

"सप्ताह से आपका तात्पर्य सात दिन से है या सात वर्ष से?"

लाला झाऊलाल ने रोब के साथ खड़े होते हुए कहा- " आज से सातवें दिन मुझसे ढाई सौ रुपये ले लेना।"

लेकिन जब चार दिन ज्यों-त्यों में यों ही बीत गए और रुपयों का कोई प्रबंध न हो सका तब उन्हें चिंता होने लगी। प्रश्न अपनी प्रतिष्ठा का था, अपने ही घर में अपनी साख का था। देने का पक्का वादा करके अगर अब दे न सके तो अपने मन में वह क्या सोचेगी? उसकी नज़रों में उसका क्या मूल्य रह जाएगा? अपनी वाहवाही की सैकड़ों गाथाएँ सुना चुके थे। अब जो एक काम पड़ा तो चारों खाने चित हो रहे। यह पहली बार उसने मुँह खोलकर कुछ रुपयों का सवाल किया था। इस समय अगर दुम दबाकर निकल भागते हैं तो फिर उसे क्या मुँह दिखलाएँगे?

1.पत्नी ने झाऊलाल से कितने रुपये माँगे? 1

(क) दो सौ बीस रुपए (ख) ढाई सौ रुपए

(ग) पाँच सौ रुपए (घ) हजार रुपए

2. पत्नी ने माँग के साथ ही क्या तर्क दिया? 1

(क) यदि आप देने में असमर्थ है तो मत दीजिए।

(ख) यदि आप अब देने में असमर्थ है तो अगले सप्ताह दे देना |

(ग) यदि आप देने में असमर्थ है तो पिताजी से ले लूँ |

(घ) यदि आप देने में असमर्थ है तो मैं अपने भाई से माँग लूँ |

3. झाऊलाल क्यों तिलमिला उठे? 1

(क) पत्नी के ढाई सौ रुपए माँगने पर

(ख) पत्नी द्वारा अपने भाई से रुपए माँगने की बात कहने पर

(ग) अपनी असमर्थता पर

(घ) पत्नी की नादानी पर

4. झाऊलाल को किस बात की चिंता थी? 1

(क) पत्नी से हरदम झगड़ा करना।

(ख) पत्नी के समक्ष सर झुकना।

(ग) पैसों का इंतजाम न हो पाना।

(घ) पत्नी का भाई से रुपए माँगना|

5. उन्होंने मन-ही-मन क्या सोचा? 1

(क) पैसों का इंतजाम न होने पर वे पत्नी की नजरों में गिर जाएँगे।

(ख) वे पत्नी को क्या जवाब देंगे।

(ग) अपनी पत्नी के भाई से नजरें कैसे मिलाएँगे।

(घ) पत्नी पर रोब कैसे जतलाएँगे |

6. लाला जी को किस बात का डर लग रहा था? 1

(क) उनकी पत्नी अपने भाई से रुपए माँग लेगी।

(ख) रुपए न दे पाने पर पत्नी का सामना कैसे करेंगे?

(ग) पत्नी द्वारा ताने सुनाए जाने का।

(घ) दिए गए सभी।

7. लाला के समक्ष कैसा प्रश्न था? 1

(क) उनकी प्रतिष्ठा व घर में साख का |

(ख) पत्नी पर रोब डालने का|

(ग) पत्नी को रुपए देने का |

(घ) पत्नी के समक्ष न झुकने का |

**आ) निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए : (7 अंक)**

सीस स पगा न झँगा तन में, प्रभु! जाने को आहि बसे केहि ग्रामा।
धोती फटी-सी लटी दुपटी, अरु पाँय उपानह को नहिं सामा।।
द्वार खड़ो द्विज दुर्बल एक, रह्यो चकिसों बसुधा अभिरामा।
पूछत दीनदयाल को धाम, बतावत आपनो नाम सुदामा।।

ऐसे बेहाल बिवाइन सों, पग कंटक जाल लगे पुनि जोए।
हाय! महादुख पायो सखा, तुम आए इतै न कितै दिन खोए।।
देखि सुदामा की दीन दसा, करुना करिकै करुनानिधि रोए।
पानी परात को हाथ छुयो नहीं, नैनन के जल सों पग धोए।।

1. सुदामा कहाँ जा रहा है? 1

(क) जंगल में ईश्वर पूजन हेतु

(ख) अपने मित्र कृष्ण के पास

(ग) अपनी पत्नी के गाँव

(घ) गुरुमाता से मिलने

2. सुदामा की दीन-दशा का वर्णन कीजिए। 1

(क) न सिर पर पगड़ी, न शरीर पर कुरता, फटी हुई धोती, न अंग वस्त्र, न पैरों में जूते।

(ख) न मुकुट, न अंगरखा, न बाजे गाजे

(ग) न धन-दौलत, न घोड़े-हाथी, न साज-सेना

(घ) इनमें से कोई नहीं।

3. कृष्ण द्वार पहुँचकर सुदामा चकित क्यों था? 1

(क) वह कृष्ण के महल व ठाठ-बाट देखकर चकित था।

(ख) वह कृष्ण के द्वारपाल देखकर चकित था।

(ग) वह कृष्ण की नगरी देखकर चकित था।

(घ) दिए गए सभी

4. सुदामा ने द्वारपाल से क्या कहा? 1

(क) सुदामा ने सबसे बड़े महल के बारे में पूछा।

(ख) सुदामा ने द्वारपाल को कृष्ण से मिलने को कहा और अपना नाम सुदामा बताया।

(ग) सुदामा ने सबको पकड़-पकड़ कर अपना नाम बताना चाहा।

(घ) दिए गए सभी।

5. सुदामा की दीन-हीन दशा देखकर कृष्ण की क्या प्रतिक्रिया हुई? 1

(क) सुदामा की दीन-हीन दशा देखकर कृष्ण रो पड़े|

(ख) उसकी परेशानी का कारण पूछा |

(ग) उसे अपार धन दौलत दे दी|

(घ) उससे मिलने से इंकार कर दिया|

6. कृष्ण ने सुदामा से क्या कहा ? 1

(क) हे मित्र ! मुझे अपने पास बुला लेते |

(ख) हे मित्र ! अपनी परेशानी पहले बताते |

(ग) हे मित्र ! तुम पहले यहाँ क्यों नहीं आए।

(घ) हे मित्र ! मैं तुम्हारे लिए कुछ नहीं कर सकता |

7. 'सुदामा चरित' कविता के कवि है –। 1

(क) अन्नपूर्णानंद वर्मा (ख) नरोत्तमदास

(ग) सूरदास (घ) पी. साईनाथ

**प्र.3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (कोई 4)** **(8 अंक)**

1.पानी परात को हाथ छुयो नहीं, नैनन के जल सों पग धोए |" पंक्ति में वर्णित भाव का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए |

2. अपने गाँव लौटने पर सुदामा के भ्रमित होने का कारण क्या था ?

3. पुडुकोट्टई जिले की महिलाओं के लिए साइकिल चलाना शौक के साथ-साथ उपलब्धि कैसे बन गई ?

4. बिलवासी जी ने रूपयों का प्रबंध कहाँ से किया था ? लिखिए |

5. 'क्या अपने स्वार्थ हेतु किसी को मुर्ख बनाना उचित है' विचाराभिव्यक्ति कीजिए ।

**खंड 'ग'**

**प्र.4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए -**

**निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए: (12 अंक)**

1. दिग्गज – (सही संधि-विच्छेद पहचानिए ) 1

(क) दिग्+गज (ख) दिक्+ गज

(ग) दिग + गज (घ) दिक् + ग्ज

2. हर्ष – (सही विलोम शब्द पहचानिए )। 1

(क) अहर्ष (ख) विषाद

(ग) दुख (घ) खुशी

3. जो दया रहित हो – (सही विकल्प चुनकर लिखिए) 1

(क) निर्दय (ख) सदय

(ग) कठोर (घ) दयावान

4. कर - (मेल न खाने वाला शब्दार्थ पहचानिए) 1

(क) टैक्स (ख) चंद्रमा

(ग) हाथ

5. बच्चे <u>मैदान में</u> खेल रहे हैं | (अधोरेखांकित पदभेद के सही रूप को पहचानिए ) 1

(क) कर्ता कारक (ख) अधिकरण कारक

(ग) संबंध कारक (घ) अपादान कारक

6. पिताजी <u>मीठे, रसीले और बड़े-बड़े</u> आम लाए|(अधोरेखांकित पदबंध के सही विकल्प का चयन कीजिए) 1

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

7. नाव पानी में <u>डूबती जा रही है</u> | (अधोरेखांकित पदबंध के सही विकल्प का चयन कीजिए) 1

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

8. दो पर्यायवाची शब्द लिखिए: 1

कृषक = 1. __________ 2. ___________

9. निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : 1

तिलमिला उठना |

**10. निम्न खाली स्थानों को पूरा कीजिए :** **2**

| संधि | संधि-विच्छेद | संधि भेद |
|---|---|---|
| 1. ____________ | सम् + सार | ______________ |
| 2. मनोहर | _______________ | ______________ |

11. मूलशब्द और उपसर्ग अलग करके लिखिए : 1

| शब्द | उपसर्ग | मूलशब्द |
|---|---|---|
| अत्युत्तम | _______________ | ______________ |

**<u>खंड 'घ'</u>**

**प्र.5. लेखन – विभाग** **(10 अंक)**

अ)अनुच्छेद – लेखन (कोई 1) 5

1. पुस्तकों का महत्त्व

(पुस्तकें मनुष्य के मित्र, प्रकार, मार्गदर्शक, सामाजिक झलक, सदा उपयोगी)

2. प्रदुषण की समस्या

(प्रदूषण के दुष्परिणाम, प्रदूषण के कारण, प्रदूषण के प्रकार, समाधान)

आ) सूचना – लेखन 5

अंतर-विद्यालय फुटबॉल मैच प्रतियोगिता की सूचना सूचना पत्र पर लिखिए |